Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:07 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 99 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 4 अक्टूबर 2025



रॉयल लुक में शो स्टॉपर बनीं...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### यमुनोत्री धाम से दर्शन कर लौट रहे महाराष्ट्र के श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम से श्रद्धालु पैदल यात्रा कर लौट रहे थे। इस बीच वह अचानक गिर पड़े। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए महाराष्ट्र के एक श्रद्धालु की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यात्री 30 लोगों के ग्रुप के साथ चार धाम यात्रा के लिए आया था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम जानकी चट्टी चौकी से नीचे डंडी-कंडी स्टैंड के पास एक व्यक्ति अचानक गिर गए। उन्हें तत्काल पीएससी जानकी चट्टी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ज्ञानेश्वर ओकार रोलके(55) पुत्र स्व. ओंकार रोलके निवासी ग्राम कन्हेरी महाराष्ट्र के रूप में हुई। घटना की पुष्टि करते हुए एस ओ दीपक कठैत ने बताया कि उक्त श्रद्धालु यमुनोत्री धाम से पैदल यात्रा कर लौट रहे थे। इनके साथ उनके मामा के बेटे तथा अन्य ग्रुप सदस्य मौजूद हैं। घटना की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### खेल मंत्री ने सीआईएससीई कबड्डी बॉयज चैंपियनशिप का किया उद्घाटन

**देहरादून।** हरिद्वार के स्वामी हरिहरानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सीआईएससीई कबड्डी बॉयज चैंपियनशिप शुरू हो गई है। चैंपियनशिप का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने किया। तीन से छह अक्तूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर से कुल 35 टीमें हिस्सा ले रही हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड में हर सप्ताह एक या दो नेशनल चैंपियनशिप आयोजित हो रही हैं। 38वें राष्ट्रीय खेलों के बाद उत्तराखंड खेल भूमि के रूप में पहचान बना रहा है और यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का हब बनता जा रहा है। प्रदेश में खेल संस्कृति विकसित होने से भविष्य में यहां से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चैंपियन निकलेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को सुनहरा भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए आउट ऑफ टर्न जाब व सरकारी नौकरियों में रिजर्वेशन जैसे प्रावधान किए गए हैं।

# पुलिस ने दिल्ली में 8 वर्ष जेल में रह कर बाहर आया युवक तमंचा और कारतूस के साथ दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सामिया लेक सिटी कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक दिल्ली का निवासी है। जो पूर्व में वह दिल्ली जेल भी जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यह युवक अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है और लोगों को धमका रहा है। कोतवाली रुद्रपुर के एसआई देवेन्द्र सिंह मेहता, जो अपने निजी वाहन से तेल मिल क्षेत्र में गश्त पर थे। पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति रवि



यादव, जो सामिया लेक सिटी कॉलोनी के पीछे वाली सड़क से आ रहा है, उसके पास अवैध तमंचा है। उसका कॉलोनी में किसी से झगड़ा हुआ था और उसने धमकी दी थी कि वह तमंचा

**कार्रवाई**
- आरोपी पर कालोनी में लोगों को धमकाने का भी बरामद
- पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही

लाकर सबक सिखाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रवि यादव पुत्र समय पाल निवासी ए-165 न्यू अशोक नगर, दिल्ली हाल निवासी बी-137, रोज विला, सामिया लेक सिटी, रुद्रपुर बताया। तलाशी में उसके जींस की बेल्ट में एक तमंचा 315 बोर और जेब से चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पूछताछ में रवि यादव ने बताया कि वह पहले दिल्ली के न्यू मयूर विहार थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है और अब रुद्रपुर में रह रहा है। उसका कॉलोनी में विवाद हो गया था, जिसके बाद वह लोगों को डराने के लिए, तमंचा लेकर निकला था। उन्होंने बताया कि रवि यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**हमास ने कहा- हम समझौते पर बातचीत को तैयार**

# ट्रंप की अपील दरकिनार कर गाजा पर इस्राइल का हमला, छह की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

हमास ने गाजा शांति समझौते पर बातचीत शुरू करने पर अपनी सहमति दे दी है। संगठन ने शनिवार को कहा कि वह समझौते के सभी शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता शुरू करने के लिए तैयार है।

हमास ने गाजा शांति समझौते पर बातचीत शुरू करने पर अपनी सहमति दे दी है। संगठन ने शनिवार को कहा कि वह समझौते के सभी शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता शुरू करने के लिए तैयार है। इसका प्रस्ताव इस सप्ताह के शुरू में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रखा था। हमास की ओर से यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस्राइल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपील को दरकिनार कर गाजा पट्टी पर ताजा हवाई हमले किए हैं। इस बीच, अमेरिका तनाव कम करने के प्रयास जारी रखे हुए है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि हमलों में छह लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि एक हमले में गाजा



**पीएम मोदी ने ट्रंप के शांति वार्ता की पहल को सराहा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजा में किए जा रहे शांति प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सराहना की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि गाजा में शांति प्रयासों में निर्णायक प्रगति के बीच हम राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं। बंधकों की रिहाई के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत स्थायी और न्यायसंगत शांति की दिशा में सभी प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता रहेगा।% अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में संघर्षविराम के लिए एक 20 सूत्रीय शांति प्रस्ताव तैयार किया। जिसे इस्राइल ने स्वीकार कर लिया। हमास ने भी बंधकों की रिहाई और गाजा की सत्ता अन्य फलस्तीनियों को सौंपने की बात मान ली है। हालांकि शांति प्रस्ताव के कई अन्य बिंदुओं पर अभी हमास ने चर्चा के बाद फैसला लेने की बात कही है।

शहर के एक घर में चार लोग मारे गए, जबकि दूसरे हमले में दक्षिण में खान यूनिस में दो अन्य लोग मारे गए। हमास ने पहले संकेत दिया था कि उसने प्रस्तावित योजना के कुछ तत्वों को स्वीकार कर लिया है। इसका मकसद को रोकना और 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान पकड़े गए सभी शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना है।

# वन्यजीव हमले में जनहानि पर राहत राशि बढ़ाई, अब छह की जगह 10 लाख रुपये दी जाएगी

देहरादून
हमारे संवाददाता

प्रदेश के कई हिस्सों में वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है, इससे कई दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में सरकार ने सहायता राशि बढ़ा दी है।

सरकार ने प्रदेश में वन्यजीवों के हमले में होने वाली जनहानि पर मिलने वाली सहायता राशि बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि ऐसे मामलों में अब मृतक के परिजनों को छह लाख की जगह 10 लाख रुपये सहायता राशि दी जाएगी।

यह घोषणा धामी ने देहरादून चिड़ियाघर में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है, इससे कई दुर्घटनाएं हुई हैं। ज्ञात हो कि राज्य में वर्ष-2000 से 2024 तक वन्यजीवों के हमले में 1221 लोगों की मौत हुई थी और 6123 लोग घायल हुए थे। प्रदेश में इस साल भी वन्यजीवों के हमले में कई लोगों की मौत हो चुकी है।

राज्य में अभी तक वन्यजीवों के हमले में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर प्रभावित परिवार को छह लाख की सहायता राशि देने का प्रावधान है। इसी वर्ष अगस्त में वन विभाग ने शासन को एक पत्र लिखा था। इसमें अनुग्रह राशि को 10 लाख करने का अनुरोध किया गया था। पत्र में ऐसे मामलों में महाराष्ट्र में 25 लाख देने, कर्नाटक में 20 लाख देने, बिहार और उड़ीसा में 10-10 लाख की अनुग्रह राशि देने का उल्लेख किया गया था।



# जिला उद्योग केन्द्र में उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिला उद्योग केन्द्र, हल्द्वानी में अध्यक्ष महिला उद्यमिता विकास परिषद उत्तराखंड रेनू अधिकारी द्वारा उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें जनपद की महिलाओं के स्वरोजगार एवं ऑनलाइन मार्केटिंग, बाजार की उपलब्धता आदि, के विषय में चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से महिलाओं को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही यह भी विचार किया गया कि किस प्रकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। बैठक में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने तथा वित्तीय सहायता की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएँ चला रही है, जिनका लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उद्योग, दीपक मुरारी, उद्योग निदेशालय, पल्लवी गुप्ता, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ठोस रणनीति बनाने की दिशा में अपने विचार रखे और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए।

### पुरोला में आधी रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, रिक्टर पैमाने पर 2.1 रही तीव्रता

**उत्तरकाशी।** पुरोला में आधी रात को भूकंप आने से लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि भूकंप के हल्के झटकों से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

पुरोला क्षेत्र में शनिवार की आधी रात को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे कुछ देर के लिए लोग दहशत में आ गए। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार शनिवार रात 1:42 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.1 मापी गई। भूकंप का केंद्र पुरोला तहसील के गुंदियाट गांव और डोखरीयानी के मध्य स्यालुका क्षेत्र में था और यह सतह से लगभग 5 किलोमीटर नीचे था। भूकंप के हल्के झटकों से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# किसानों को मुआवजा दे उत्तराखंड सरकार:उपाध्याय

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बैमौसम की बारिस की वजह से जहां रावण के पुतले का दहन नहीं हो पाया,वहीं गन्ने व शरबती धान की फसल की पैदावार में लगभग 25 से 35व किसानों को नुकसान झेलना पड़ेगा ।

महंगाई की मार से सरकार कहती थी , हम किसानों की आय दूनी करेंगे । लेकिन आज महंगाई बढ़ने से जुताई निराई, उर्वरक खदाव दवाइयां से लेकर हर चीज की लागत बढ़ चुकी है। उसकी वजह से किसानों की आय पहले की अपेक्षा आधी से कम हो चुकी हैं। शांतिपुरी नंबर दो मे गांधीनिधि की 10 एकड़ अर्ली वैरायटी गन्ने की फसल तेज बारिश की वजह काफी नुकसान हो गया है ।



लगभग 25 से 35व करने की गन्ने व शरबती धान का नुकसान हो गया है । आज जो गन्ना गिरने से आने वाले वक्त में ग्रोथ बहुत कम हो जाएगी, गन्ने के जमीन में गिर जाने की वजह से चूहे नुकसान पहुंचायेंगे । वहीं पाँच माह के बाद पिराई के लिए फैक्ट्री में जाएगा आप समझ सकते हैं , क्या हालात होंगे। लगभग सैकड़ो एकड़ शरबती धान भी का नुकसान हो चुका है। उत्तराखंड के किसान नेता व प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस गणेश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि किसानों को पंजाब सरकार की तरह प्रति एकड़ ?25000 दिया जाए। जिससे इस नुकसान की भरपाई हो सके व किसान आम जनमानस क े तरह जिंदगी जी सके।

# लौटने लगी फिर से नैनीताल की रौनक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आखिरकार चार महीने की मंदी के बाद नैनीताल में एक बार फि र पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। दशहरा तथा वीकेंड के मौके पर नैनीताल समेत आसपास के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। लंबे समय से सूनी पड़ी होटल व पार्किंगें अब पर्यटकों से गुलजार हो रही हैं।

दूसरी ओर शुक्रवार शाम से ही पर्यटक नैनीताल पहुंचने लगे हैं। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन तथा मॉल रोड पर जम कर खरीदारी भी करी इसके अलावा पर्यटक नैनी पीक में ट्रैकिंग समेत शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों जू लैंड, चिड़ियाघर तथा वाटर फ ॉल में खासी चहल.पहल रही। इसके साथ ही प्रसिद्ध कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

नैनीताल होटल एंड् रैस्टॅरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि चार महीने की सुस्ती के बाद यह पहला मौका है जब दशहरा वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या संतोषजनक स्तर पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि अगर यही रुझान रहा तो आने वाले दिनों में होटल व्यवसाय को बड़ी राहत मिलेगी वहीं दोपहिया टैक्सी बाइक एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश भट्ट ने कहा कि इस वीकेंड में पर्यटकों की संख्या पिछले महीनों की तुलना में कहीं अधिक रही। इसका असर टैक्सी और बाइक बुकिंग पर भी साफ दिखाई दिया है। स्थानीय कारोबारियों का कहना है कि त्योहारों का मौसम आगे और बेहतर व्यवसायिक अवसर लेकर आएगा।



**गुलजार**

- दशहरा व वीकेंड पर उमड़े पर्यटक
- टैक्सी और बाइक बुकिंग पर भी साफ दिखाई दिया

## नैनीताल में बदले मौसम और बारिश ने बढ़ाई ठंड

नैनीताल में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मानसून की विदाई के साथ ही अब ठंडक का अहसास होने लगा है। दिन में जहां धूप खिली रहती है वहीं सुबह और शाम की ठंडी हवाएं लोगों को सर्दी का एहसास कराने लगी हैं। लगातार हो रही बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिला मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बदलते मौसम ने अब लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है।



## एकल सदस्यीय जांच आयोग का जनसुनवाई और जनसंवाद कार्यक्रम

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यू.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग ने सर्किट हाउस, काठगोदाम में जनसुनवाई और जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोग के अध्यक्ष ध्यानी ने कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यात्मक आधार पर की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का दौरा कर जनता की समस्याएं और सुझाव सुन रहा है ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष और संतुलित बनाई जा सके। जनसुनवाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, नागरिकों, परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों और प्रभारी ने अपने विचार और सुझाव आयोग के सामने रखे। छात्रों ने विशेष रूप से मांग की कि परीक्षाओं की जांच पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए और इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई की जाए। आयोग के सचिव विक्रम सिंह राणा ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों और सुझावों को संज्ञान में लेकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा के लिए जिले में तीन क्षेत्रों में कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें सभी व्यवस्थाएं सुरक्षा और व्यवस्थाओं की जानकारी आयोग को उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, परीक्षा केंद्र प्रभारी, व्यवस्थापक, संबंधित अधिकारी, छात्र-छात्राएं और संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन कालनेमि के तहत नैनीताल में पुलिस ने 3 फर्जी बाबाओं को पकड़ा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

ऑपरेशन कालनेमि के तहत नैनीताल में पुलिस ने बाजार क्षेत्र में घूम रहे तीन संदिग्ध बाबाओं को गिरफ्तार किया है वहीं पूछताछ के बाद फर्जी बाबा बनकर घूमने वाले तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

बता दें वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रदेशभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन कालनेमि के तहत जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस की ओर से फर्जी बाबाओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को तल्लीताल में पुलिस की टीम ने बाजार में गश्त के दौरान तीन संदिग्ध बाबाओं को देखा। पुलिस को देख बाबा सकपकाने लगे तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि बाबा फतेहपुर के हैं जो नैनीताल में बाबा बनकर घूम रहे हैं। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि फर्जी बाबा बनकर घूमने पर ऑपरेशन कालनेमि के तहत यूपी फ तेहपुर निवासी विजय कुमार, विवेक कुमार व मनदीप शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



## NEWS / फटाफट

### सिद्धेश्वर मंदिर में हुए महाभंडारे में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु



**नैनीताल।** शेरवानी हिलटॉप की ओर से हंस निवास सिद्धेश्वर मंदिर में दशहरा पर्व पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। पुजारी महेश भट्ट के नेतृत्व में पूजा अर्चना व हवन आयोजित किया गया। जिसमे नगर समेत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु शामिल हुए। तत्पश्चात महा भंडारा आयोजित किया गया। जिसमे सात सौ अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में जीएम सिद्धार्थ शर्मा, प्रबंधक जे एस बिष्ट व महेश पालीवाल, एमपीएस अधिकारी, दीपक कुमार, संजय जुयाल, राम सिंह समेत अन्य अहम भूमिका निभाई।

### औरंगाबाद में हल्द्वानी निवासी व्यक्ति की मौत



**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों को चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। लाइन नंबर 16 निवासी मोहम्मद शोएब का महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंतकाल हो गया। बताया जा रहा है कि वह चार महीने की जमात पर गए हुए थे। इसी दौरान अचानक तबीयत बिगड़ी और साथी इलाज के चिकित्सालय ले गए। जहां इलाज के दौरान उनका इन्तकाल हो गया। शोएब के इंतकाल की खबर मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया। पिता मास्टर एहसान, मां और अन्य परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मद शोएब का पार्थिव शरीर एंबुलेंस के ज़रिए औरंगाबाद से हल्द्वानी लाया जा रहा है। बनभूलपुरा इलाके में शोएब के निधन से गम का माहौल है। मोहल्ले के लोग और जानने वाले उन्हें एक मिलनसार और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले युवक के रूप में जानते थे। कई लोगों ने उनके बेवक्त इंतकाल पर दुख और संवेदना व्यक्त की है। मौत की खबर सुन कर शोएब के घर पर भीड़ का ताता लग गया।

### पटाखे के गोदाम में चोरों का धावा,हजारों की नगदी समेत लाखो का सामान उड़ाया

**रुद्रपुर।** बीती राज चोरों ने एक पटाखे के गोदाम में धावा बोलकर हजारों की नगदी समेत लाखो का सामान उड़ा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। चौकी लालपुर क्षेत्र महाराजपुर निवासी नीरज कुमार का गांव में ही अमन क्रैकर के नाम से पटाखा गोदाम है। दीपावली के त्यौहार के चलते गोदाम में लाखों कीमत के पटाखे रखे हुए थे। वह पटाखों के होलसेल व्यवसायी हैं। बीती रात लगभग 9 बजे वह गोदाम बंद कर अपने घर चले गए। शनिवार सुबह प्रात: लगभग 7:30 बजे गांव के लोगों ने सूचना दी की गोदाम के ताले टूटे हुए और शटर खुला हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गल्ले में रखी लगभग 25 से 30 हजार की नगदी और 3 लाख कीमत के पटाखे गायब थे। चोरों ने गोदाम में लगा डीवीआर तोड़ दिया और कैमरे भी तोड़कर खेतों में फेंक दिए। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के तीन सिलेंडर भी वह अपने साथ ले गए। कुल चोरी गये माल की कीमत लगभग चार लाख रूपए है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी।

### प्रबंध समिति चुनाव सम्पन्न, बिन्देश गुप्त अध्यक्ष

**हल्द्वानी।** लक्ष्मी शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव विद्यालय के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह की देखरेख में चुनाव अधिकारी प्रबंधक इंटर कॉलेज गोलापर, पर्यवेक्षक पुष्पा गोस्वामी इंटर कॉलेज काठगोदाम के द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्रबंध समिति हेतु बिन्देश कुमार गुप्त अध्यक्ष, तरुण बंसल उपाध्यक्ष, पियूष कुमार गोयल प्रबंधक, विपिन अग्रवाल उप प्रबंधक, नरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सुशील अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, भगवान सहाय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पितुश गर्ग, हेमंत बगढ़वाल, दीपक अग्रवाल निर्विरोध सदस्य चुने गये। सभी निर्वाचित सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 14 वर्षीय किशोरी बनी मां युवक पर पोक्सो में मामला दर्ज

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में 14 वर्षीय किशोरी के बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आने से सनसनी फैल गई है दूसरी ओर मामले में पुलिस ने पोक्सो में मुकदमा दर्ज युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। युवक को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक महिला अपनी बेटी 14 वर्ष 100 महीने की किशोरी के साथ अस्पताल पहुंची। अस्पताल में जब डाक्टरों को जब पता चला कि किशोरी गर्भवती है तो पुलिस को सूचित कर दिया लेकिन पुलिस के पहुंचने तक किशोरी ने सामान्य प्रसव से एक बच्ची को जन्म दे दिया था। किशोरी के बच्चे को जन्म देने की खबर से शहर भर में सनसनी फैल गई। पुलिस ने अस्पताल में पहुंचकर किशोरी व उसकी मां से विस्तार से पूछताछ की तो उसने अल्मोड़ा जिले के एक युवक पर किशोरी के साथ संबंध बनाने के आरोप लगे जो अल्मोड़ा से तीन साल पहले काम की तलाश में नैनीताल पहुंचा था जो यहां एक रेस्टोरेंट में काम करने लगा था। दो साल पूर्व युवक की कशोरी से फेसबुक पर पहचान हुई जिसके चलते नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी मां बन गई।

मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं दूसरी ओर मामले में एसपी यातायात व अपराध डॉ. जगदीश चंद्रा ने बताया कि अल्मोड़ा निवासी सूरज के खिलाफ पोकसो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**कार्रवाई**

- मुकदमा दर्ज कर युवक को भी गिरफ्तार कर लिया

## राज्य निर्माण सेनानी संगठन कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष बने गुरुरानी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का एकमात्र पंजीकृत संगठन चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति अब राज्य निर्माण सेनानी संगठन उत्तराखंड जिसकी उत्तराखंड की सभी जनपदों में कार्यकारिणी के साथ दिल्ली व अन्य महानगरों में भी कार्यकारिणी है के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत व केंद्रीय कमेटी के द्वारा राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी को राज्य निर्माण सेनानी संगठन कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

बता दें कि दिनेश गुरुरानी कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ के रिकॉर्ड 30 वर्षों से अध्यक्ष रहे हैं साथ ही जिला ट्रेड यूनियन सहित अन्य कर्मचारियों के बड़े संगठनों में अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व किया है। गुरुरानी ने पर्यावरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। उन्हें चार बार मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। गुरुरानी का नाम सबसे लंबी अवधि तक



पौधा लगाने हेतु इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ है। इनको कई सामाजिक संगठनों द्वारा भी सममानित किया जा चुका है। साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में भी इनके द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। दिनेश गुरुरानी को संगठन का कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष बनने पर राज्य आंदोलनकारियों ने बधाई देते हुए कहा है अब राज्य आंदोलनकारियों की लंबित मांगों का निस्तारण भी उनके नेतृत्व में किया जाएगा। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि जिनका चिन्हीकरण नहीं हुआ है उनका चिन्हीकरण करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इस संबंध में 5 अकटूबर (रविवार) को सुबह 11 बजे से डीडीहाट में वंचित व चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों की एक बैठक आहूत की गई है जिसमें भावी रणनीति तय की जाएगी उन्होंने कहा कि डीडीहाट राज्य आंदोलनकारियों का गढ़ रहा है। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र रावत ने आशा प्रकट की कि दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में जहां कुमाऊं में संगठन मजबूत होगा वहीं आंदोलनकारियों की समस्याओं का भी समाधान होगा। बधाई देने वालों में सुनील शाह, अर्जुन कन्याल, प्रदीप कन्याल, गोविंद रावत, बीरजग पाल शेर सिंह शाही, सुभाष जोशी, कृपालु मेहरा, चंचल बोरा, जगत ठकुराठी, जगदीश जोशी, उमा पांडे, तरुण पाल, दान सिंह कन्याल, दीपचंद जोशी, गोविंद लाल शाह सहित कई आंदोलनकारियों नेबधाई दी। दूसरी ओर गुरुरानी ने पौधारोपण अभियान के 444 वें दिन अपने स्वर्गीय पिता तारादत्त गुरुरानी की स्मृति में प्रतिदिन की भांति डीडीहाट में स्मृति पौध लगाया गया।

# अभिमत



## नदी है या नाला?

*प्रदूषण के कारण शिप्रा के नदी होने पर ही सवाल उठ गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रशासन से पूछा है कि यह नदी है या नाला? दरअसल शिप्रा नदी में प्रदूषण को लेकर एनजीटी से शिकायत की गई। शिप्रा नदी से जल का सैंपल लिया जा चुका है। गंदगी करने वालों को नोटिस दिये गये हैं। इसके बाद भवाली में एसडीएम की मौजूदगी में एनजीटी की बैठक हुई। राजस्व विभाग के नक्शे में नदी को देखा गया। नक्शे के अनुसार भवाली से शिप्रा नदी कैंची धाम होकर कोसी में मिलती है। एसडीएम ने एनजीटी को बताया कि फिलहाल सरकारी दस्तावेज में भवाली में कहीं पर भी शिप्रा नदी नहीं दर्शाई गई है।*

वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण विश्वव्यापी समस्या है। देवभूमि उत्तराखंड गंगा, यमुना, सरयू आदि नदियों का उद्‌गम है। बड़ी नदियों के साथ ही प्राकृतिक स्रोतों की जलधारा से कई छोटी नदियां भी हैं। छोटी नदियां कुछ दूरी तय करने के बाद बड़ी नदियों में मिल जाती हैं। उत्तराखंड में पांच प्रयाग यानि संगम हैं। गोमुख से हरिद्वार तक पहुंचने तक गंगा में कई धाराएं मिलती हैं। ऐसी धाराओं के अलग-अलग नाम हैं। कुमाऊं के भवाली में शिप्रा नदी है, जो आगे चलकर कोसी में मिलती है। प्रदूषण के कारण शिप्रा के नदी होने पर ही सवाल उठ गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रशासन से पूछा है कि यह नदी है या नाला? दरअसल शिप्रा नदी में प्रदूषण को लेकर एनजीटी से शिकायत की गई। शिप्रा नदी से जल का सैंपल लिया जा चुका है। गंदगी करने वालों को नोटिस दिये गये हैं। इसके बाद भवाली में एसडीएम की मौजूदगी में एनजीटी की बैठक हुई। राजस्व विभाग के नक्शे में नदी को देखा गया। नक्शे के अनुसार भवाली से शिप्रा नदी कैंची धाम होकर कोसी में मिलती है। एसडीएम ने एनजीटी को बताया कि फिलहाल सरकारी दस्तावेज में भवाली में कहीं पर भी शिप्रा नदी नहीं दर्शाई गई है, फिर भी क्षेत्र का निरीक्षण किया जायेगा। वर्तमान में जिस तरह क्षेत्र की आबादी बढ़ रही है, उसके अनुसार प्लानिंग की जा रही है। आबादी बढ़ने के साथ कूड़ा-कचरा निस्तारण और गंदे जल की निकासी का प्रबंध करना जरूरी होता है। इस मामले में प्रशासन का कथन अफसोसजनक है। यदि भवाली में नदी नहीं है और शिप्रा को नाला बताया जा रहा है, तो नाले को कोसी नदी में नहीं मिलने देना चाहिए। नदी को प्रदूषित करना अपराध है। प्रदूषण की स्थिति इस हद तक चिंताजनक हो गई है कि शहर और कस्बे में प्रवेश करते ही कूड़े के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध से सांस लेना दूभर हो जाता है। गंदे पानी के नाले कहीं न कहीं नदी में ही मिलते हैं। अस्सी के दशक में गंगा सफाई अभियान के दौरान गंगा में मिलने वाले नाले और सीवर को रोका गया था। सीवर के ट्रीटमेंट प्लांट बनाये गये थे। पूरी तरह नहीं, परन्तु काफी हद तक गंगा का प्रदूषण कम किया जा सका है। पर्वतीय क्षेत्र में स्थानीय निवासी प्रदूषण के प्रति जागरूक हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने से होटलों और रेस्टोरेंट की भरमार हो गई है। पर्यटकों में जागरूकता नहीं होने से पहाड़ की चोटियों से लेकर गहरी खाई तक कूड़ा-कचरा दिखाई देता है। जलस्रोतों और नदियों का अस्तित्व संकट में है।

# नैनीताल जू में हुई पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

### वन्य प्राणी सप्ताह



वन्य प्राणी सप्ताह के द्वितीय दिवस यानी शुक्रवार को प्राणी उद्यान नैनीताल में प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के विशेष दिशा निर्देश में स्कूली बच्चों के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें प्रथम सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गो में करायी गयी, प्रथम वर्ग कक्षा 3 से 5 तक, द्वितीय वर्ग कक्षा 06 से कक्षा 8 तक एवं तृतीय वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 5 तक के प्रतिभागियों को प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा ए थ्री शीट में वन्य प्राणी का आउट लाईन/ढांचा प्रिन्ट कर दिया गया जबकि कक्षा 06से कक्षा 12 तक के प्रतिभागियों को प्लेन शीट दी गई। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा वन्य प्राणी सप्ताह-2025 की थीम से संबन्धित पोस्टर निर्माण किया गया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल परिसर में विद्यमान एवं स्वयं से लाये गये प्राकृतिक सामग्री (जैसे फूल, पत्ती, मिट्टी, गोंद आदि) से उस वन्य प्राणियों के आउट लाईन/ढांचा/पोस्टर को भरा गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय समुदाय वन्यजीवों के सर्वश्रेष्ठ संरक्षक कैसे बन सकते हैं?,कयों बाघ का स्वास्थ्य सीधे तौर पर गांव के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है?, छोटे जानवर मानव स्थानों से कैसे बातचीत करते है? एवं वन्यजीवों की रक्षा करना स्वयं अपनी रक्षा कयों है? विषयों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान राना (सनवाल स्कूल नैनीताल), द्वितीय स्थान राफि या रफ त (मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल) जबकि तृतीय स्थान काव्या जोशी (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल) एवं साक्षी बिष्ट (राधा चिल्ड्रन एकेडमी नैनीताल) ने हासिल किया जबकि सांत्वना पुरुस्कार की हकदार हया (मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल) रही। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.0 ललित तिवारी तथा विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. सुषमा टमटा रही।

दोनों प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के कुल 250 अध्यापक/अध्यापिका एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट प्राणी उद्यान नैनीताल एवं डॉ0. रजनी रावत (बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर) द्वारा किया गया। विजयी प्रतिभागियों को अब 8 अकटूबर (वीरवार) को पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर सुश्री स्वाति उप निदेशक प्राणी उद्यान, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान,जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा, नितिन मुकेश वन आरक्षी, विक्रम सिंह मेहरा फ र्मासिस्ट, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं प्राणी उद्यान नैनीताल के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जालली बाजार में संघर्ष समिति का धरना शुरू

**अल्मोड़ा।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति जालली उपमंडल क्षेत्र की समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति का जालली बाजार में धरने के साथ आंदोलन शुरू हो गया है। समिति ने समस्याओं का समाधान न होने पर कड़ा आक्रोश जताते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन को उक्रांद ने भी समर्थन दिया है। शुक्रवार को क्षेत्रीय संघर्ष समिति जालली उपमंडल क्षेत्र की 14 सूत्री मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन शुरू किया गया। उनका कहना है कि मांगों को पूरा करने के लिए समिति ने सांसद, विधायक, डीएम, एसडीएम को ज्ञापन भेजा था। इसके बाद भी उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया। उन्होंने जालली-नागार्जुन मोटर मार्ग, ईडा-बिरोली मोटर मार्ग निर्माण, ईड़ा-सेल्टा-चौधार मोटर मार्ग डामरीकरण ,जालली के गिरखेत से भेटी-कामा मार्ग पर डामरीकरण, बाबन-गनोली मार्ग के अवशेष में डामरीकरण, बाबन-बिल्लाड में डामरीकरण, जालली उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने, डहल-जालली-भटकोट पेयजल योजना का पुनर्गठन करने, ऊर्जा निगम से लाइनों का सुधारीकरण और लॉपिंग करने, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र जालली का उच्चीकरण करने, पशु चिकित्सालय जालली व सगनेटी में डाक्टरों की नियुक्ति करने की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की थी।

# राज्य सफाई कर्मचारी अयोग के उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने समीक्षा बैठक में गैरहाजिर अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटने के एसडीएम चतर सिंह चौहान को सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने मैनुअल स्कैवेंजर के फर्जी रिपोर्ट देने पर भी कड़ी नाराजगी जताई और शीघ्र घर-घर पहुंच कर सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को अनावश्यक परेशान करने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को भी कहा। दर्जा राज्यमंत्री मकवाना ने शुक्रवार को जसपुर नगर पालिका परिषद में विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार अनुसूचित समाज के उत्थान के लिए उन्हें स्वरोजगार एवं शिक्षा हेतु कम ब्याज दर पर लोन उपलब्ध करा रही है द्य इसलिए विभागीय अधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी अधिक उच्च जोखिम वाला कार्य करते हैं ऐसे में इन कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, पीएफ, ईएसआई आदि समस्त सुविधाओं में कोताही न बरती जाए। आउटसोर्स ठेकेदार के द्वारा कर्मचारियों को नौ हजार वेतन दिए जाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए पुन: निविदा आमंत्रित कर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वेतन पन्द्रह हजार वेतन देने के निर्देश दिए। पारिवारिक पेंशन एवं मृतक आश्रित के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के भी निर्देश दिए। बैठक में नोडल विभाग समाज कल्याण,जिला पंचायत आदि विभागों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई और एक दिन का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। नमस्ते योजना में पंजीकृत कर्मचारियों का जीवन बीमा कराने के भी निर्देश दिए। श्री मकवाना ने स्वछता कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शीघ्र स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जसपुर के एसडीएम चतर सिंह चौहान, जसपुर नगर पालिका के ईओ उदयवीर सिंह,आयोग के सदस्य हर्ष रत्नाकर, उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री महेन्द्र रही, राजीव राजौरी, विनोद घाघट के अलावा सैनिटरी सुपरवाइजर भी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## रॉयल लुक में शो स्टॉपर बनीं कंगना रनौत





*कंगना रनौत को एक लंबे वक्त के बाद फैंस ने रैंप वॉक करते देखा। एक ज्वेलरी कलेक्शन के लिए उन्होंने रैंप वॉक किया। इस रैंप वॉक के एक्सपीरियंस के अलावा कंगना ने जेन जी को भी एक जरूरी सलाह दी है। शुक्रवार की रात कंगना रनौत को एक ज्वेलरी कलेक्शन के लिए रैंप वॉक करते हुए फैंस ने लंबे अरसे बाद देखा। कंगना की रैंप वॉक देखकर फैंस को फिल्म 'फैशन' की यादें ताजा हो गईं। कंगना डिजाइनर राब्ता बाय राहुल के नए ब्राइडल ज्वेलरी कलेक्शन सल्तनत के लिए शोस्टॉपर थीं। वह बिल्कुल रॉयल लुक में नजर आईं। रैंप वॉक करने के बाद कंगना रनौत ने एएनआई से बातचीत में कहा, 'मेरा अपने दोस्तों और सभी युवाओं से अनुरोध है कि अब हमें आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ना चाहिए। इस पर ध्यान दें कि हम अपनी संस्कृति और लोगों को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। कल मैंने खादी की साड़ी ट्राई की। खादी को एक बार ट्राई करें। पूरी साड़ी 1500 रुपये की थी और इसने मुझे बहुत अच्छा महसूस कराया। वह कपड़ा जैविक, पर्यावरण के अनुकूल है। जेनरेशन जी पर्यावरण के लिए बहुत जागरूक है। मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि वे अपने घरेलू उद्योगों को बढ़ावा दें।*

### कंगना का लुक भी चर्चा में रहा

*रैंप वॉक में कंगना रनौत ने सोने और पन्ना से बनी ज्वेलरी पहनी थी। इस लुक में वह काफी रॉयल नजर आ रही थीं। ज्वेलरी डिजाइनर कंगना के दोस्त भी हैं, तो उनके कहने पर ही एक्ट्रेस ने रैंप वॉक की। वह भी रैंप वॉक करके काफी खुश दिखाई दीं। सासंद होने के अलावा कंगना अभिनय की दुनिया में भी सक्रिय हैं। वैरायटी की एक खबर के अनुसार हॉलीवुड फिल्म 'ब्लेस्ड बी द एविल' में कंगना रनौत नजर आ सकती हैं। बतौर डायरेक्टर भी कंगना ने पिछले साल एक फिल्म 'इमरजेंसी' बनाई थी। इस फिल्म में उन्होंने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था।*

# पुनि प्रभु हरषि सत्रुहन भेंटे हृदय लगाई।
# लछिमन भरत मिले तब परम प्रेम दोउ भाई।।

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्राचीन श्री रामलीला मंचन में भरत मिलाप की लीला का मंचन प्राचीन होलिका दहन स्थल में किया गया। अवध. पुरी को फूलों से सजाया जाता है, खुशी की लहर हर नगर वासी में है, भगवान राजा राम आज माता जानकी और लखन लाल जी के साथ अयोध्या आ रहे हैं। भरत लाल, शत्रुघ्न और तीनों माताओं ने उनका स्वागत किया, चारों भाइयों ने राजसी वस्त्र धारण किए और गुरु वशिष्ट ने भगवान का राज तिलक किया। राम और भरत मिलाप का दृश्य काफ़ी भावुक रहा और अयोध्या वासी खुशी के आंसू बहा रहें थे और अयोध्या नगरी में दीपोत्सव कर दीपावली मनाई गयी। संचालन समिति से विवेक कश्यप , अतुलअग्रवाल, तनुज गुप्ता, योगेश शर्मा, बसंत अग्रवाल, भवानीशंकरनीरज, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र मुन्ना ने भगवान श्री राम का तिलक किया और सभी उपस्थित गणमान्य का स्वागत किया. आज रीतेश जोशी, सुशील शर्मा, यश गुप्ता, वैभव गुप्ता, प्रिंस, अतुल आदि ने सहयोग किया, उधर रामलीला मैदान में रास लीला और मयूर नृत्य का सुंदर प्रदर्शन किया गया।



# 31वीं वाहिनी पीएसी का 55वां स्थापना दिवस का समापन, कार्यक्रमों की रही धूम

## डीएम नितिन सिंह भदौरिया और सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी पंकज भट्ट ने विजेताओं को पुरस्कृत किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

यहां 31वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित 4 दिवसीय पीएसी का 55वां स्थापना दिवस रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया रहे। इस दौरान उन्होंने डीएम नितिन भदौरिया और सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी पंकज भट्ट ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पीएसी के सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि यहां पीएसी 31वीं वाहिनी पीएसी का 55वां स्थापना दिवस पर चार दिवसीय मेला महोत्सव का आयोजन हुआ।





शुक्रवार शाम को मेले का समापन हो गया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक के अलावा फिरोजाबाद की चूड़ियां,पहाड़ी दालें,विभिन्न खेलों,खाद्य सामग्री,वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये गये। विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि मेला महोत्सव में वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम,वाहिनी की महिला पुलिस कर्मियों, पुलिस मार्डन स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेला परिसर के माहौल को और भी संगीतमय बना दिया। जिसकी कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को पुरूस्कार वितरण किये। मेला महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में प्रशिक्षणाधीन हेड कांस्टेबल तथा महिला वर्ग में वाहिनी परिसर की महिलाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि डीएम व सेनानायक ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर उप सेनानायक मिथिलेश कुमार सिंह, सहायक सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी तपेश कुमार चन्द, 31वीं वाहिनी शिविरपाल राकेश माहरा, आरआई आरटीसी भूपेश पाण्डेय, दलनायक गिरीश चन्द्र जोशी, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, प्लाटून कमाण्डर, दीपा कर्नाटक,गीता उप्रेती, राकेश, श्याम पाल रावत, मीडिया को मेला महोत्सव की खबरें भेज रही हिमानी जोशी समेत समस्त दल के दलनायक अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

News कॉर्नर

### सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज कार ने टक्कर मारी, बाप बेटे घायल

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के पास छोटे बच्चे को गोद में लेकर सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज गति से आ रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के बाद आरोपी चालक मय वाहन के फरार हो गया। घायल पिता पुत्र को उपचार को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। बताया जा रहा है कि जिला चिकित्सालय में एक व्यक्ति अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आया था। इसी दौरान वह अपने करीब 4 चार साल के पुत्र को गोद में लेकर किसी काम के लिए मुख्य मार्ग में आया।जब वह व्यक्ति सड़क पार कर रहा था इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आ रही कार के चालक ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी जिससे। वह व्यक्ति गोद में बैठे अपने पुत्र को बचाते हुए सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# रुद्रपुर निवासी युवक की यूपी खानपुर नई बस्ती में राड और फंटी से पीट-पीटकर हत्या

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

घटना

● घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा रुद्रपुर

रेशमबाड़ी निवासी दो युवकों को खानपुर नई बस्ती बिलासपुर में बुलाकर राड और फंटी से हमला कर दिया। जिसमें दोनों घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले आए।

जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रुद्रपुर और यूपी बिलासपुर थाना पुलिस पहुंची और जानकारी ली। यूपी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। यूपी की बिलासपुर पुलिस हत्यारोपितों की तलाश में जुट गई है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने तीन नामजद समेत एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, रुद्रपुर रेशमबाड़ी निवासी 35 वर्षीय जांहगीर पुत्र आस मोहम्मद और हरीश चौहान पुत्र राजेंद्र सिंह को कुछ लोगों ने शुक्रवार रात उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर, थाना बिलासपुर के ग्राम खानपुर नई बस्ती बुलाया था। इस पर दोनों वहां पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान वहां पर दो युवक आए और उन्होंने जांहगीर को फंटी और राड से पीटा। यह देख उसके साथी हरीश ने बीच बचाव किया तो उस पर भी हमला कर दिया । कुछ देर बाद वहां पर चार-पांच अन्य लोग भी आ गए। सभी ने मिलकर जांहगीर को बुरी तरह से पीटा। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए। इसका पता चलते ही जाहंगीर का भाई भोला स्कूटी से वहां पहुंच गया। घायल हालत में भोला ने जांहगीर और हरीश चौहान को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने जांहगीर को मृत घोषित कर दिया। पता चलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया कि सूचना पर रुद्रपुर कोतवाल मनोज रतूड़ी, पंतनगर थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत पुलिस टीम के साथ पहुंचे और बिलासपुर थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बिलासपुर के रुद्रबिलासपुर चौकी प्रभारी अमित कुमार ने घायल से जानकारी ली। बाद में यूपी बिलासपुर थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

साथ ही घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस टीम ने जानकारी ली और हत्यारोपितों की तलाश शुरू कर दी है। यूपी पुलिस के अनुसार हत्या के कारणों की जांच की जा रही है, जल्द ही हत्यारोपितों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस सूत्रों के पुलिस तीन नामजद समेत एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। मृतक ट्रैक्टर ट्राली चालक था। उसकी बेटी है। मृतक दो भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था।

# चार अक्टूबर से प्रारंभ होगा चित्रगुप्त कथा: श्रीवास्तव

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

तैयारी

● हरिद्वार के चित्रगुप्त घाट में होगा आयोजन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कुमाऊं प्रभारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरिद्वार के चित्रगुप्त घाट भूपलवाला में द्वितीय भगवान चित्रगुप्त कथा का आयोजन होने जा रहा है।

शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि चार अक्टूबर से पांच अक्टूतक चलने वाली कथा में गंगा आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान,सांस्कृतिक और भजन संध्या कार्यक्रम,चित्रगुप्त कथा आकर्षण का केंद्र रहेगी। कथा का उददेश्य केवल धार्मिक आस्था को पुष्ट करना है,बल्कि समाज में एकता,संस्कृति व कर्तव्यबोध का संदेश देना भी है। बताया कि देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं का हरिद्वार में जमावाड़ा लगेगा। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष अनूप दत्ता, संरक्षक ओपी सक्सेना, रमेश कुमार सिन्हा उपाध्यक्ष, नीरज माथुर, महामंत्री मुकेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# गौरीकला किच्छा के शहीद देव बहादुर के ऑगन से मिट्टी शहीद धाम के लिए ले गए

किच्छा

हमारे संवाददाता

शहीद सम्मान यात्रा-2.0 के अन्तर्गत ग्राम गौरीकला किच्छा के शहीद देव बहादुर के घर-ऑगन से शहीद के पिता शेर बहादुर, माता लक्ष्मी देवी, भाई किशन,अनुज, क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, एसडीएम गौरव पाण्डेय,सीओ भूपेन्द्र सिंह धोनी, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (सेनि), पूर्व सैनिक आदि लोगों ने ताम्र कलश में सम्मानपूर्वक मिट्टी संग्रह किया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कर्नल चन्द्र प्रकाश कोठारी (सेनि) ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 तक शहीद सम्मान यात्रा के अंतर्गत शहीद सम्मान यात्रा-2.0 तथा 5 अक्टूबर 2025 को जनपद पौड़ी के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। वहां पर भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शहीद सैनिकों के आश्रितो को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के शहीदों के घर-आँगन से ताम्र कलशों में मिट्टी का संग्रहण कर उसे देहरादून स्थित शौर्य स्थल (सैन्यधाम) ने में प्रतिस्थापित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को लैंसडाउन के कार्यक्रम में प्रदेश के सीएम राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

इस दौरान शहीद के परिजन अनीता, गीता, दीप शिखा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सैनिक कल्याण महेश चन्द्र भट्ट, सूवेदार मेजर सुन्दर सिंह,अजय कुमार, पुष्कर दत्त, आकाश कुमार, सुदर्शन बोरा, कुन्दन राम आदि मौजूद रहे।



# दून समेत सात जिलों में हल्की बारिश के आसार

**देहरादून।** प्रदेश के कुछ जिलों में शनिवार को भी हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल, चंपावत, उत्तरकाशी और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के आसार हैं।

वहीं, पांच से आठ अक्तूबर तक प्रदेश के अधिकतर जिलों में तेज दौर की बारिश की संभावना है।

# नैनीताल में 12 को होगी शारदा संघ की चित्रकला प्रतियोगिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो.घनश्याम लाल साह ने बताया कि शारदा संघ की आन द स्पाट चिल्ड्रन पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन नैनीताल में 12 अकटूबर (रविवार) को होगा।

प्रो.साह के मुताबिक प्रतियोगिता 12 अकटूबर (रविवार) की सुबह 10 बजे से डीएसए मैदान में होगी। बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुखय अतिथि नैनीताल बैंक के एमडी व सीईओ सुशील कुमार लाल करेंगे जबकि बच्चों की ओर से बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी 14 अकटूबर (मंगलवार) की शाम को 5 बजे शारदा संघ सभागार में लगेगी जिसका शुभारंभ बतौर मुखय अतिथि नैनीताल होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिगविजय सिंह बिष्ट करेंगे वहीं विजेता प्रतिभागियों का पुरुस्कार वितरण समारोह 16 अकटूबर (वीरवार) को होगा जिसमें बतौर मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल मौजूद रहेगी। इसके साथ ही तीनों समारोह में नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या, पूर्व सांसद डा.महेंद्र पाल,पूर्व विधायक डा.नारायण सिंह जंतवाल, कूर्माचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह, पूर्व अध्यक्ष जगदीश लाल साह, पद्मश्री अनूप साह, नैनीताल बैंक के पूर्व अध्यक्ष वी.के.विंग व वरिष्ठ रंगकर्मी व युगमंच संस्था के अध्यक्ष जहूर आलम समेत सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यो को आमंत्रित किया गया है।

दूसरी ओर शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो.साह समेत अध्यक्ष प्रो.देवेंद्र लाल साह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र लाल साह समेत शारदा संघ परिवार ने प्रतियोगिता की तैयारियां शुरु कर दी हैं।

# कल शुभ मूहूर्त में दस महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा विधि विधान से संपन्न होगी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र एवं सायंकालीन सत्र दश महाविद्याओं सहित श्री चक्रेश्वरी ललितांबा त्रिपुर सुन्दरी मां राजराजेश्वरी की अचल प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रात: कालीन वेला से आरम्भ होकर सायंकालीन महानीराजन महा आरती तक विभिन्न अनुष्ठानिक विधियां संपन्न हुई। सर्व प्रथम प्रात: देवता प्रबोधन मण्डपस्थ आवाहित स्थापित देवताओं सहित स्थाप्यमान देवताओं का सांगोपांग पूजन, विविध औषधीय द्रव्य युक्त अष्टोत्तर शत कलशों से महास्नपन सहस्त्रधारा से महास्नपन , तत्व होम,शांतिक पौष्टिक होम, मूर्ति मूर्त्यधिपति लोकपाल देवता होम स्थापित स्थाप्यमान देवता



होम,व्याहृति होम,शय्याधिवास सहित विशेष श्री यंत्र सहित समस्त आवाहित दश महाविद्याओं के तत्व न्यास सायं पूजा आरती,मंत्रा आशीर्वाद की विधि पूज्य आचार्य वेद मूर्ति श्री शांतिलाल आत्मज यज्ञाचार्य प्रफुल्ल भाई दवे मुंबई निवासी जी के निर्देशन में तथा आचार्य जी के कृपापात्र शिष्य हरिद्वार से आए वेदपाठी भुवन चंद्र पनेरू जी सहित काशी के विद्वान वेदपाठी श्री दत्रात्रेय नारायण रटाटे,एवं वेदपाठी भवदीप जी दवे, वेदपाठी रमेश गौर जी मैसूर वालों सहित विभिन्न प्रदेशों से आएं हुए समस्त वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा मंदिर के व्यवस्थापक महंत श्रीमान् पूरन चंद्र पाठक जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कल शुभ मूहूर्त में दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा विधि विधान से संपन्न होगी। तथा कल विशाल भण्डारे का आयोजन भी कल दोपहर 1बजे से रखा गया है।यज्ञ समिति के समस्त आयोजकों सहित मुख्य जजमान पुरनचंद पाठक हेमा पाठक सहयोगी संजय अग्रवाल मुकेश बोरा गौरव मेहरा दीपचंद किरोला राजेंद्र नेगी सुभाष चंद्र कांडपाल लाल ,बाबू यादव वरांश शर्मा अतुल कुमार गुप्ता दीपचंद तिवारी खिमानंद बृजवासी रक्षित संवर शिवांश सती रोहित साहू हरेंद्र त्रिपाठी मनीष जोशी हेमचंद कोठारी अमन पांडे मन्नत कौर देवयानी शर्मा प्रियांशी भट्ट पाठक रहे।